हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 37.9 डिग्री से.
न्यूनतम 19.7 डिग्री से.

12 गांधी जयंती पर मेगा स्वच्छता अभियान का आगाज...



12 प्रति एकड़ धान की सीमा को बढ़ाए राज्य सरकार



खबर संक्षेप

दुकान से चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

लाडवा। अपराध अन्वेषण शाखा-लाडवा की टीम ने फ्रूट की दुकान से नकदी चोरी करने के आरोपी ईस्तखार निवासी गीता कॉलोनी, लाडवा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की 29,200 रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, 29 सितंबर को दीपक कुमार ने शिकायत दी थी कि इन्द्री चौक स्थित उसकी फ्रूट की दुकान से दोपहर करीब दो बजे अज्ञात व्यक्ति गल्ले से 60 से 70 हजार रुपये निकालकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की नकदी बरामद कर ली।

बुक डिपो में बच्ची से अश्लील हरकत, केस

यमुनानगर। शहर के मॉडल टाउन स्थित रोशन बुक डिपो में 13 वर्षीय बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। बच्ची की मां की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत केस दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार, एक अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे बच्ची बुक डिपो गई थी। आरोप है कि वहां एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे अपने पास बैठाकर अश्लील हरकत की। घटना की जानकारी बच्ची ने परिजनों को दी, जिसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर बलजीत कौर को सौंपी गई है।

किशोरी से छेड़छाड़, दो युवकों पर केस दर्ज

यमुनानगर। शहर की एक कॉलोनी में 15 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ और मोबाइल पर अश्लील फोटो-वीडियो भेजने का मामला सामने आया है। किशोरी के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि सागर और रूपेश काफी समय से उसकी बेटी को परेशान कर रहे थे और छेड़छाड़ करते थे। आरोप है कि दोनों ने किशोरी का मोबाइल नंबर हासिल कर उस पर आपत्तिजनक सामग्री भेजनी शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे धमकी दी। परेशान किशोरी ने घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई।

ट्रांसपोर्टर हत्याकांड में मां-बेटा गिरफ्तार

यमुनानगर। मॉडल टाउन में तीन सितंबर को ट्रांसपोर्टर हरभजन सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने सुनीता देवी और उसके बेटे रुशील को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दोनों ने हत्या के लिए इस्तेमाल होने वाले असलाह की खरीद के लिए शूटर को रुपये उपलब्ध कराए थे। जांच में सामने आया कि सुनीता के दूसरे बेटे के गैंगस्टर नोनी राणा से संपर्क थे और उसके कहने पर शूटर को रकम दी गई। पुलिस अब रकम के स्रोत और शूटर तक पहुंचाने के तरीके की जांच कर रही है। मामले में पहले ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब तक सात आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि मुख्य शूटरों की तलाश जारी है। दोनों शूटरों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित है।

हाइटेंशन तार की चपेट में आने से बच्चा झुलसा

पानीपत। काबड़ी रोड स्थित कुलदीप नगर में छत पर खेल रहा सात वर्षीय प्रिंस हाइटेंशन तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद पड़ोसी आयुष, वसीम, अफसर, अमन, लक्की, चेतन और मोंटू ने बच्चे को जिला नागरिक अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सिविल अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि करंट से झुलसने के बाद अस्पताल लाया गया।

लाडवा मंडी पहुंचे सीएम सैनी, धान खरीद व्यवस्था का लिया जायजा

मंडी में किसानों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

खरीदे गए धान का समय पर उठान सुनिश्चित करें अधिकारी



लाडवा। अनाज मंडी में धान खरीद व्यवस्था का जायजा लेते मुख्यमंत्री नायब सिंह। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को लाडवा अनाज मंडी का दौरा कर धान की सरकारी खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडी में धान की खरीद, उठान तथा किसानों को पेश आ रही समस्याओं के संबंध में किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने किसानों और व्यापारियों से धान की खरीद के दौरान आ रही दिक्कतों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। किसानों ने खरीद प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को धान की बिक्री में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और खरीद प्रक्रिया को सुचारू एवं पारदर्शी तरीके से संचालित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने सरकारी खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से धान की आवक, खरीद की स्थिति और मंडी में उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में किसानों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं तथा खरीदे गए धान का उठान भी समय पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि मंडी में अनावश्यक भीड़ की स्थिति न बने।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री प्रतिनिधि कैलाश सैनी, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, मार्केट कमेटी लाडवा के अध्यक्ष डॉक्टर गणेश दत्त वॉइस अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला, भाजपा लाडवा मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, बाबैन मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा जालखेड़ी, गुड़ा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र देव खेड़ा, नगर पालिका प्रधान साक्षी खुराना सहित अनेक वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता के अलावा धान की सरकारी खरीद कर रही एजेंसियों के अधिकारी, किसान, आढ़ती और व्यापारी भी उपस्थित रहे।

कृषि मंत्री ने धान खरीद का जायजा लिया

किसान और आढ़तियों को न आए कोई दिक्कत: कृषि मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शुक्रवार को अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर समस्याओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया सुचारू व पारदर्शी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मंडी में पेयजल, साफ-सफाई, खरीद, उठान और भुगतान की व्यवस्था बेहतर रखने को कहा। मार्केट कमेटी सचिव अखिलेश कुमार ने बताया कि मंडी में अब तक 1,12,851 क्विंटल धान की आवक हुई है, जिसमें से 38,945 क्विंटल की खरीद हो चुकी है। धान 2,461 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी पर खरीदी जा रही है।



नारायणगढ़। अधिकारियों से बातचीत करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

पत्नी के साथ अनबन से परेशान था युवक

अनाज मंडी में दुकान के अंदर युवक ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रादौर अनाज मंडी में दुकान के अंदर एक 30 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलते ही थाना रादौर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान रूपेश पुत्र दामोदर यादव निवासी नौलखी, जिला पूर्णिया, बिहार के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रूपेश अनाज मंडी स्थित दुकान नंबर 78 में रहता और काम करता था। शुक्रवार सुबह दुकान में उसका शव फंदे से लटका मिला। दुकान सुनील कुमार निवासी वीआईपी कॉलोनी रादौर की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदार भी मौके पर एकत्र हो गए। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रूपेश शराब का सेवन करता था। उसकी पत्नी के साथ भी अनबन चल रही थी और वह उसे छोड़कर चली गई थी। इसके बाद से वह परेशान रहने की बात सामने आई है। हालांकि, युवक ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसका वास्तविक कारण पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं और लोगों से भी जानकारी ली।

रादौर मार्ग पर गांव दामला के पास हादसा

तेज रफ्तार ट्रक ने एक्टिवा को मारी टक्कर, छात्र की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर-रादौर मार्ग पर गांव दामला के पास तेज रफ्तार ट्रक ने एक्टिवा को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक्टिवा सवार 17 वर्षीय छात्र की मौत हो गई, जबकि उसकी 20 वर्षीय बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल युवती को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। गांव गोलनपुर निवासी उदय सिंह ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन काजल एमएलएन कॉलेज यमुनानगर में बीए फाइनल की छात्रा है। उसके चाचा कर्मचंद के 17 वर्षीय बेटे सूर्य प्रताप की 12वीं कक्षा में पढ़ाई चल रही थी। एक अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे काजल और सूर्य प्रताप पड़ोसी की एक्टिवा पर सवार होकर रादौर जा रहे थे। उदय सिंह भी बाइक से उनके पीछे चल रहा था। करीब सवा 11 बजे जब वे सरकारी स्कूल दामला से कुछ आगे पहुंचे तो पीछे से यमुनानगर की तरफ से तेज रफ्तार ट्रक आया। आरोप है कि चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए एक्टिवा को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही काजल और सूर्य प्रताप सड़क पर गिर गए। ट्रक सूर्य प्रताप के ऊपर से निकल गया, जबकि काजल के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके पर रुक गया, लेकिन बाद में ट्रक छोड़कर फरार हो गया। दोनों घायलों को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया। परिजन सूर्य प्रताप और काजल को एमएम अस्पताल मुलाना ले गए। वहां इलाज के दौरान सूर्य प्रताप की मौत हो गई, जबकि काजल को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया।

चलती ट्रेन में फिसला यात्री आरपीएफ जवान ने बचाई जान

अंबाला छावनी स्टेशन पर अमृपाली एक्सप्रेस के रवाना होने के दौरान हादसा

- ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंसने से पहले कांस्टेबल विजय सिंह ने यात्री को खींचा
- पूरी घटना स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर बीते रोज हादसा टल गया। प्लेटफॉर्म नंबर-3 से अमृतसर जंक्शन से बिहार के कटिहार जंक्शन तक जाने वाली अमृपाली एक्सप्रेस रवाना हो रही थी। इसी दौरान एक यात्री ने चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की। संतुलन बिगड़ने से वह प्लेटफॉर्म पर गिर गया और ट्रेन व प्लेटफॉर्म के बीच फंसने की स्थिति बन गई। यात्री को गिरते देख प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी कर रहे आरपीएफ कांस्टेबल विजय सिंह तुरंत उसकी ओर दौड़े। उन्होंने अपनी सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए यात्री को ट्रेन की चपेट में आने से पहले खींचकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पूरी घटना स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जवान के अनुसार गाड़ी संख्या 15708 अमृपाली एक्सप्रेस करीब 1:02 बजे प्लेटफॉर्म नंबर-3 से रवाना हो रही थी। कांस्टेबल विजय सिंह उस समय कार्यालय ड्यूटी पर थे। वह इसी ट्रेन में ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहे यात्री पर पड़ी। यात्री के ट्रेन की चपेट में आने की आशंका को देखते हुए विजय सिंह ने बिना समय गंवाए उसे पकड़ लिया। उन्होंने यात्री को ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच से खींचकर बाहर निकाला। इससे उसकी जान बच गई।





कुरुक्षेत्र: वार्ड 16 की पार्षद गुरप्रीत कौर भाजपा में शामिल

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र नगर परिषद के वार्ड नंबर 16 की पार्षद गुरप्रीत कौर ने भाजपा का दामन थाम लिया। रतगल गुरुद्वारा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री सुभाष सुधा के नेतृत्व में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान उनके साथ कई अन्य लोगों ने भी भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने भाजपा में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत किया और कहा कि पार्टी की नीतियों एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को और मजबूत किया जा रहा है।

अंबाला: कंपनी के बाहर खड़ी बाइक डेढ़ मिनट में ही चोरी

लॉक तोड़कर आरोपी ने अंजाम दी वारदात, पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के नन्हेड़ा में एक कंपनी के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। बाइक चोरी की पूरी वारदात कंपनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। फुटेज में संदिग्ध महज करीब डेढ़ मिनट में बाइक का लॉक तोड़कर उसे लेकर फरार होता दिखाई दे रहा है। बाइक मालिक ने मामले की शिकायत पड़ाव थाना पुलिस को दी है। बाइक मालिक सूर्य प्रताप ने बताया कि वह अंबाला छावनी के नल्हेड़ा स्थित एक कंपनी में काम करता है। यह फार्मेसी से जुड़ी कंपनी है। 1 अक्तूबर को वह सुबह करीब 9:37 बजे बाइक से कंपनी पहुंचा था। उसने अपनी बाइक कंपनी के बाहर खड़ी की और ऑफिस में काम करने चला गया। सूर्य के मुताबिक शाम करीब 6:30 बजे जब वह ऑफिस से बाहर आया तो उसे बाइक गायब थी। इसके बाद उन्होंने कंपनी में लगे कैमरों की फुटेज चेक कराई। फुटेज देखने पर बाइक चोरी करने वाला साफ नजर आया। फुटेज के मुताबिक 1 अक्तूबर की सुबह 10:51 बजे एक युवक कंपनी की तरफ आता दिखाई देता है। उसने ऑरेंज रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी। इसके बाद दूसरे कैमरे में युवक कंपनी के बाहर खड़ी बाइकों की तरफ जाता नजर आता है। फुटेज में आरोपी बाइक के पास पहुंचकर उसका लॉक तोड़ने की कोशिश करता दिखाई देता है। करीब 1 मिनट 30 सेकंड तक वह बाइक का लॉक तोड़ने में लगा रहता है। इसके बाद करीब 10:53 बजे वह बाइक लेकर मौके से फरार हो जाता है। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की माने तो आरोपी को जल्द ही काबू कर लिया जाएगा।



शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शतरंज और फुटबॉल प्रतियोगिताओं का किया उद्घाटन

37वें अखिल भारतीय खेलकूद समारोह का आगाज, 11 प्रांतों के 660 खिलाड़ी शतरंज और फुटबॉल में दिखाएंगे दमखम

अर्जुन पुरस्कार विजेता मुक्केबाज मनोज कुमार ने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की ओर से आयोजित 37वें अखिल भारतीय खेलकूद समारोह-2026 का शुक्रवार को श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में भव्य शुभारंभ हुआ। समारोह में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने दीप प्रज्ज्वलित कर शतरंज एवं फुटबॉल प्रतियोगिताओं का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज मनोज कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य वक्ता विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री विजय नड्डा ने कहा कि विद्या भारती शिक्षा के साथ खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों के पंचकोशीय विकास पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में सफलता, अनुशासन और आत्मविश्वास की भावना विकसित करते हैं। खिलाड़ियों को जीत को सिर पर और हार को दिल पर नहीं चढ़ाना चाहिए। उन्होंने देशभक्ति, भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और पानी-बिजली की बचत का संदेश भी दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करने का आह्वान किया। अर्जुन पुरस्कार विजेता मुक्केबाज मनोज कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारतीय खिलाड़ी जब तिरंगा लहराते हैं तो पूरे देश का गौरव बढ़ता है। उन्होंने खिलाड़ियों से मौसम और परिस्थितियों की परवाह किए बिना निरंतर अभ्यास करने, आलस्य त्यागने और अनुशासन में रहने का आह्वान किया।





कुरुक्षेत्र। शतरंज प्रतियोगिता में दमखम दिखाते प्रतिभागी एवं छात्राओं को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा।

प्रतियोगिता पांच अक्टूबर तक चलेगी

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि कुरुक्षेत्र की धरती से खेलों का संदेश पूरे देश में जाएगा। खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा खेलों का हब बनकर उभरा है और प्रदेश की खेल नीति से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से अर्जुन जैसी एकाग्रता के साथ निरंतर अभ्यास करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में 11 प्रांतों से 276 छात्र-छात्राएं शतरंज और 384 खिलाड़ी फुटबॉल में भाग ले रहे हैं। 45 निर्णायक, 90 आचार्य और 10 अधिकारी सहयोग कर रहे हैं। प्रतियोगिता पांच अक्टूबर तक चलेगी। विद्या भारती के उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा, राजेश गोयल, उत्तर क्षेत्र खेल संयोजक मलखान सिंह, डॉ. प्रीतम सिंह, संजय कौशिक विद्यालय अध्यक्ष मोहिन्द्र पाल सिंगला, प्रबंधक वीरेंद्र वालिया, कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी, निदेशक अनिल कुलश्रेष्ठ, प्राचार्य अनिल मदान सहित आचार्यगण और विद्यार्थी मौजूद रहे।

राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर ढांडा का पलटवार

कुरुक्षेत्र। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पहले यह स्पष्ट किया जाए कि किस चुनाव में और किस तरह वोट चोरी हुई। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम को लेकर आपत्ति होने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत दावा और आपत्ति दर्ज कराने का प्रावधान है। ढांडा शुक्रवार को कुरुक्षेत्र में आयोजित अखिल भारतीय खेलकूद समारोह में पहुंचे थे। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं को दावे-आपत्तियां दर्ज कराने का अवसर दिया गया। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मई 2026 में इसकी वैधता बरकरार रखी थी और संबंधित मतदाताओं के लिए आपत्ति व अपील की प्रक्रिया भी बताई थी।

फेसबुक पर ड्राई फ्रूट्स के नाम पर बुजुर्ग महिला से 1.67 लाख की ठगी

पानीपत। गीता कॉलोनी की रहने वाली 64 वर्षीय बुजुर्ग महिला व्यापारी उर्मिला रानी साइबर ठगी का शिकार हो गई। फेसबुक पर बादाम और मखाने के सस्ते विज्ञापन को देखकर उन्होंने ऑर्डर किया था। पीड़िता ने साइबर थाने में दी शिकायत में बताया कि 24 सितंबर को उन्होंने विज्ञापन में दिए नंबर पर व्हाट्सएप से संपर्क कर 1100 रुपये एडवांस भेजे। इसके बाद ठगों ने उन्हें लिंक और स्कैनर भेजा। जैसे ही उन्होंने लिंक पर क्लिक किया उनके खाते से 1 लाख 67 हजार रुपये उड़ गए। साइबर क्राइम पुलिस ने मामला दर्ज कर बैंक खातों को फ्रीज कराने और आरोपियों की लोकेशन ट्रेस करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

- साइबर पुलिस ने केस दर्ज कर बैंक खाते फ्रीज कराने की कार्रवाई शुरू की

खबर संक्षेप

गेहूं की एमएसपी में 25 रुपये बढ़ोतरी नाकाफी

करनाल। केंद्र सरकार द्वारा रबी सीजन के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 25 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी पर भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने नाराजगी जताई है। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने कहा कि बढ़ती महंगाई और कृषि लागत को देखते हुए यह बढ़ोतरी किसानों के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने गेहूं की एमएसपी में कम से कम 100 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की मांग की।

ग्राम सभाओं में गांवों के विकास पर मंथन

करनाल। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिले की सभी ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इनमें ग्रामीणों की भागीदारी के साथ गांवों के विकास, स्वच्छता, सामाजिक सुधार और जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। ग्राम सभाओं की निगरानी और सहभागिता के लिए वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न गांवों का दौरा किया।



महिला से गहने उतरवाने में तीन आरोपी गिरफ्तार

करनाल। पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल, आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा चोरी और ठगी की वारदातों में शामिल आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में डिटेक्टिव यूनिट सीआईए-3 के प्रभारी निरीक्षक अजेय के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार की टीम ने थाना शहर करनाल के एक मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पिंगली निवासी चमेली देवी पत्नी लछमन दास ने को शिकायत दी थी कि वह चौड़े बाजार स्थित सुनार की दुकान से लौट रही थी। गुड़ मंडी के पास एक महिला और युवक उसके पास आए और बातचीत करने लगे। आरोप है कि दोनों उसे कुछ सुंघाकर कलंदरी गेट की ओर पेट्रोल पंप से आगे एक गली में ले गए।

गांधी जयंती पर तरावड़ी शहर में चला स्वच्छता अभियान

तरावड़ी में विधायक ने खुद झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को तरावड़ी शहर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित किया गया। अभियान के दौरान करनाली गेट से नडाना रोड तक सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। स्वच्छता अभियान में नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवानदास कबीरपंथी विशेष रूप से पहुंचे। उन्होंने स्वयं हाथ में झाड़ू लेकर सफाई की और लोगों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। विधायक ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जब आमजन स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगा, तभी शहर और क्षेत्र को स्वच्छ बनाया जा सकता है। अभियान के दौरान लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। दुकानों और सडक़ किनारे पड़े कचरे को हटाया गया तथा आमजन को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान स्वच्छता का संदेश केवल भाषणों तक सीमित न रहकर धरातल पर सफाई करते हुए दिखाई दिया। बताया गया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 अक्टूबर तक नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न सेवा एवं जनहित के कार्य जारी रहेंगे। इसी कड़ी में तरावड़ी शहर में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। नगर पालिका प्रशासन की ओर से अभियान के दौरान करनाली गेट क्षेत्र तथा नडाना रोड के आसपास सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया गया। अभियान के दौरान लोगों ने भी बढ़-चढक़र भाग लिया।



तरावड़ी। स्वच्छता अभियान मे भाग लेते विधायक भगवानदास कबीरपंथी व अन्य।

सफाई अभियान में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर तरावड़ी नगर पालिका के अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, मार्केट कमेटी तरावड़ी के चेयरमैन रणदीप चौधरी, वाइस चेयरमैन राजीव नारंग, मंडल अध्यक्ष रंजीत भारद्वाज, नगरपालिका सचिव अजीत कुमार, उमेश शर्मा, सुरेन्द्र खुराना, देवेन्द्र कामरा, पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा, आत्म आन्नद, कमल जांगड़ा, नरेश गाबा, सामाजिक कार्यकर्ता योगेश सरदाना, प्रवीण कुमार, जोन लाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



इंद्री। श्रमदान कर स्वच्छता के प्रति जागरूक करते विधायक रामकुमार कश्यप ।

विधायक रामकुमार कश्यप ने किया श्रमदान

इंद्री। विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर इंद्री में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। उन्होंने स्वयं स्वच्छता अभियान में श्रमदान करते हुए आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छता को स्वस्थ एवं सशक्त समाज का आधार माना था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से स्वच्छता को जन-जन का अभियान बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. लाल बहादुर शास्त्री ने देशवासियों को सादगी, अनुशासन और निस्वार्थ राष्ट्र सेवा का संदेश दिया। गांधी जयंती और शास्त्री जयंती का यह अवसर हमें दोनों महान विभूतियों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। विधायक ने स्वच्छता अभियान में आमजन की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकार या किसी एक अभियान की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर नगरपालिका चेयरमैन राकेश पाल, सचिव धर्मवीर, पार्षद शशी कांता, अनुराग वर्मा, राजेन्द्र मिढ़ा, पार्षद बलजिंदर सिंह, मनीष, जीतेंद्र खन्ना, हाकम सिंह व अशोक सैनी सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान में छठ मईया घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

- हरविन्द्र कल्याण, रेणु बाला गुप्ता और सलोनी शर्मा ने किया श्रमदान, पौधरोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर निगम करनाल की ओर से फूसगढ़ रोड स्थित उत्तम नगर के छठ मईया घाट परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण मुख्य अतिथि रहे। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने अध्यक्षता की, जबकि नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा विशिष्ट अतिथि रहीं। कार्यक्रम में हरविन्द्र कल्याण ने अमरूद, रेणु बाला गुप्ता ने जामुन तथा सलोनी शर्मा ने अमरूद का पौधा रोपित किया। भाजपा कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने त्रिवेणी भी लगाई। हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि आमजन की सक्रिय भागीदारी के बिना कोई अभियान सफल नहीं हो सकता। रेणु बाला गुप्ता ने नागरिकों से स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग का आह्वान किया। सलोनी शर्मा ने कचरा पृथक्करण और एकल उपयोग वाली प्लास्टिक से बचने की अपील की।



करनाल। छठ मईया घाट परिसर में स्वच्छता अभियान के दौरान श्रमदान करते हरविन्द्र कल्याण, रेणु बाला गुप्ता, सलोनी शर्मा एवं अन्य।

पेट और लिवर की परेशानी को न करें नजरअंदाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पेट और लिवर से जुड़ी कई बीमारियों के शुरुआती लक्षण सामान्य नजर आ सकते हैं। एसिडिटी, गैस्ट्राइटिस, कब्ज, पेट फूलना और मल त्याग की आदतों में बदलाव जैसी समस्याएं लंबे समय तक बनी रहें तो चिकित्सकीय जांच जरूरी हो सकती है। एक जागरूकता कार्यक्रम में गुरुग्राम स्थित मेदांता-द मेडिसिटी के विशेषज्ञों ने पेट, आंतों और लिवर से संबंधित बीमारियों के लक्षण, जोखिम और बचाव के बारे में जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कहा कि लगातार पेट की परेशानी, बार-बार एसिडिटी, पेट फूलना, बिना स्पष्ट कारण वजन कम होना, पीलिया और लंबे समय तक थकान जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मेदांता गुरुग्राम के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के वरिष्ठ निदेशक डॉ. पवन रावल ने कहा कि कई बीमारियों के शुरुआती लक्षण सामान्य होते हैं। यदि ये लक्षण बार-बार सामने आएं या लंबे समय तक बने रहें तो चिकित्सकीय मूल्यांकन कराया जाना चाहिए। समय पर जांच और उपचार से बीमारी की गंभीरता को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। विशेषज्ञों ने मोटापा और मधुमेह से पीड़ित लोगों को लिवर की सेहत के प्रति विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि फैटी लिवर कई मामलों में लंबे समय तक बिना स्पष्ट लक्षणों के रह सकता है।

श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

नगर खेड़े पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन किया गया। कथा के दौरान कालिया नाग मर्दन की लीला का प्रसंग सुनाया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कथा वाचक महंत स्वामी विवेकानंद सरस्वती जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं और उनसे मिलने वाली आध्यात्मिक शिक्षाओं का विस्तार से वर्णन किया। महंत स्वामी विवेकानंद



सरस्वती जी महाराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने बाल अवस्था में यमुना नदी में रहने वाले विषैले कालिया नाग के अहंकार का दमन किया। भागवत पुराण के दशम स्कंध में वर्णित प्रसंग के अनुसार कालिया नाग के विष के कारण यमुना का जल दूषित हो गया था और उसके आसपास का वातावरण भी प्रभावित हो रहा था। भगवान श्रीकृष्ण ने जीव-जगत की रक्षा के लिए यमुना में प्रवेश कर कालिया नाग का दमन किया। कथा में बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण जब कालिया नाग के विषैले कुंड में पहुंचे तो नाग ने उन्हें अपने फनों और शरीर के बंधन में जकड़ लिया। यह देखकर ग्वाल-बाल और आसपास मौजूद लोग चिंतित हो गए। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण ने अपना दिव्य स्वरूप प्रकट करते हुए कालिया नाग के फनों पर नृत्य किया।

गांधी जयंती पर कर्ण ताल पार्क में चलाया स्वच्छता अभियान

- सेवा संकल्प के तहत एक घंटा स्वच्छता को समर्पित, श्रमदान के साथ किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर कर्ण ताल पार्क में सेवा संकल्प स्वच्छता अभियान के अंतर्गत 'एक दिन, एक घंटा, एक स्वच्छता की सेवा' अभियान चलाया गया।

इस दौरान मनोनीत नगर निगम पार्षद उत्सव प्रोचा सहित उपस्थित सदस्यों ने श्रमदान करते हुए पार्क परिसर की सफाई की और पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान में अशोक जैन, रविकांत, संजय पवार, योग संस्था की प्रधान बबली, विनय गर्ग, रमेश कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी करते हुए शहर को स्वच्छ और हरित बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मनोनीत नगर निगम पार्षद उत्सव प्रोचा ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को स्वस्थ और सशक्त समाज की आधारशिला माना था। उनकी जयंती पर स्वच्छता के लिए श्रमदान करना उनके विचारों को व्यवहार में उतारने का सार्थक प्रयास है।



करनाल। कर्ण ताल पार्क में गांधी जयंती पर पौधरोपण करते नगर निगम पार्षद उत्सव प्रोचा व अन्य सदस्य।

भगवान की कथा सुनना जीवन की बड़ी कृपा : देवी चित्रलेखा

श्रीमद्भागवत कथा में बताया जीवन का सार





श्रीमद्भागवत कथा उत्सव में श्रद्धालुओं को कथा का संदेश देतीं देवी चित्रलेखा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री खाटू श्याम कीर्तन मंडल की ओर से गोल्डन मोमेंट्स, सेक्टर-12 में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा उत्सव में विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक देवी चित्रलेखा ने श्रद्धालुओं को भगवान की कथा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भगवान की दृष्टि हमेशा अपने भक्तों पर बनी रहती है। भगवान की कथा सुनने का अवसर मिलना मनुष्य के जीवन में बड़ी कृपा है। कथा श्रवण केवल धार्मिक आयोजन में शामिल होना नहीं, बल्कि भगवान के सान्निध्य में बिताया गया अमूल्य समय है। देवी चित्रलेखा ने कहा कि कथा स्थल पर मनुष्य को अपने मन, वाणी और व्यवहार को संयमित रखते हुए पूरी श्रद्धा से कथा सुननी चाहिए। उन्होंने व्यास पीठ की महिमा बताते हुए कहा कि व्यास पीठ श्री ठाकुर जी की गोद के समान है। यहां से भगवान की कथा और उनका संदेश जन-जन तक पहुंचाना सौभाग्य की बात है। आयोजक अंकुर गुप्ता ने बताया कि 4 अक्तूबर की शाम छह बजे श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आशीष गुप्ता, आकाश गोयल, सचिन बंसल, पंकुल गुप्ता, तरूण गुप्ता, सुमित गुप्ता, गगन जिंदल, पवन सिंगला, अतुल जैन, सार्थक मित्तल, कर्ण बंसल, निखिल गुप्ता, सुनील सिंगला, रजत गर्ग, नीतिश गोयल, अंशुल गर्ग आदि मौजूद रहे।

श्रीराम कथा में सबरी प्रसंग सुन भक्ति में डूबे श्रद्धालु

तरावड़ी। श्रीराम सेवा मंडल तरावड़ी एवं नगरवासियों के सहयोग से पितृपक्ष के शुभ अवसर पर आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के छठें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के दौरान पूरा पंडाल भगवान श्रीराम के जयकारों और भजनों से गूंज उठा। आज की कथा में ज्योति प्रचंड जीवी राईस मिल के विनीत बंसल एवं उद्योगपति मदन सचदेवा ने संयुक्त रुप से किया। कथा के छठे दिन कथा वाचक अनंत आनंद तरुण लखन गुरु, वृंदावन धाम ने प्रभु की कथा का रसपान करवाते हुए राम चरित मानस में से शबरी प्रसंग के अंर्तगत भगती माता शबरी की गाथा को सुनाते हुए कहा शबरी एक साधारण स्त्री नही थी। वह तो भक्ति की मनी थी। जिसने गरीबी के रहते हुए भी प्रभु के प्यार को प्राप्त किया। कहते है कि जब शबरी घर से भाग कर जंगल में जाकर संतो की सेवा करती है तो उसके मन में वैराग्य पैदा होता है और वह चोरी-चोरी उनकी सेवा करती है। जब संत उसे नीच कहते है तो उसके मन में उनके प्रति ईर्ष्या भाव पैदा नही होता। आगे चलकर उनके जीवन मातंग मुनी जी आगमन होता है। और मातंग मुनी जी के कहने पर शबरी उनके आश्रम में जाकर सेवा करती है और एक दिन मातंग मुनी अपने शरीर के त्याग के समय यह कहते है कि एक तेरी कुटिया में जग के पालक श्री राम जी के रूप में आएगें। और उसके बाद शबरी उनकी प्रतीक्षा करती है दिन, मास, सालों के इंतजार के बाद प्रभु श्री राम उनकी कुटीयां में आते है तो शबरी अपने अंतः कर्ण में खुशी की चर्म सीमा को प्राप्त करती है। प्रभु श्री राम जी प्रेम बस होकर शबरी के झुठे बेर खाते है और उसके उपरांत शबरी सदा के लिए प्रभु के चरणों में लीन हो जाती है।



तरावड़ी। सत्संग भवन में आयोजित कथा में कथावाचक तरूणलखन मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुये एवं उपस्थित श्रद्धालु।

न्यूज डायरी



बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में स्वच्छता का संकल्प

करनाल। बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026' के तहत स्वच्छता एवं स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के निदेशक नितेश गुप्ता ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। प्राचार्य डॉ. रिजवान ने उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व के रूप में अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।



आठवें वेतन आयोग और पेंशन मुद्दों पर किया मंथन

करनाल। रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक नीलोखेड़ी की बैठक खंड प्रधान हरपाल सिंह राणा की अध्यक्षता में गोल मार्केट पार्क में हुई। बैठक का संचालन खंड सचिव बाबूराम ने किया। इसमें सेवानिवृत्त कर्मचारियों की विभिन्न मांगों और संगठन को मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में 12 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित रैली की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।



आंगन मिलन में विधानसभा अध्यक्ष ने किया संवाद

करनाल। समाज के प्रत्येक वर्ग को सेवा और जनकल्याण की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से शुक्रवार को फूसगढ़ स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण और महापौर रेणु बाला गुप्ता ने माताओं, बहनों और बच्चों से संवाद किया तथा केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जनभागीदारी से मजबूत होगा सेवा का भाव : हरविंद्र कल्याण विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि सेवा और जनकल्याण की भावना को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के लिए जनभागीदारी जरूरी है। आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण, महिलाओं की जागरूकता, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण केंद्र हैं।



मशरूम उत्पादन का किसानों को दिया प्रशिक्षण

करनाल। उद्यान प्रशिक्षण संस्थान, उचानी में आयोजित पांच दिवसीय राज्यस्तरीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चले प्रशिक्षण में हरियाणा के विभिन्न जिलों से पहुंचे 80 किसानों ने मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण लिया। समापन अवसर पर प्रगतिशील किसानों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. प्रीति यादव ने कहा कि हरियाणा मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है। सोनीपत, पानीपत और कुरुक्षेत्र जिले इस क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को मशरूम की उन्नत प्रजातियों, उत्पादन तकनीक, रोगों की पहचान एवं उपचार, प्रसंस्करण तथा मूल्य संवर्धन की जानकारी दी गई।



धान खरीद में देरी पर भाकियू का प्रदर्शन

करनाल। जुंडला, 2 अक्टूबर। धान खरीद में कथित देरी और किसानों को मंडियों में हो रही परेशानियों के विरोध में भारतीय किसान यूनियन ने जुंडला अनाज मंडी में प्रदर्शन किया। मार्केट कमेटी कार्यालय में किसान नेता रामफल नरवाल नरूखेड़ी की अध्यक्षता में हुई बैठक को भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि किसान अपनी फसल बेचने के लिए कई-कई दिनों से मंडियों में डटे हैं, लेकिन खरीद प्रक्रिया में तेजी नहीं लाई जा रही। रतनमान ने कहा कि बारिश से किसानों को पहले ही नुकसान उठाना पड़ा है। इस दौरान भाकियू नेताओं ने मंडी का दौरा कर किसानों से उनकी समस्याएं सुनीं। पिचौलिया निवासी जसमेर सिंह और उपलानी निवासी जसमेर ने आरोप लगाया कि 29 सितंबर को असंध विधायक योगेंद्र राणा के मंडी दौरे के दौरान खरीद करवाए जाने के बावजूद उनकी ढेरियां कई दिन बाद भी नहीं खरीदी गईं।



जल अर्पण दिवस पर ग्रामीणों को किया जागरूक

करनाल। जल जीवन मिशन के तहत जल अर्पण दिवस के अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग करनाल एवं जल एवं स्वच्छता सहयोग संगठन की टीम ने जिले के विभिन्न ब्लॉकों के गांवों में विशेष ग्राम सभाएं और जल अर्पण कार्यक्रम आयोजित किए। असंध के रिसालवा, निसिंग के चकदा, चिड़ाव के जुंडला, नीलोखेड़ी के संधीर व समाना बाहु, करनाल के खरकाली और घरौंडा के कोहंड में ग्रामीणों ने कार्यक्रमों में भाग लिया। रिसालवा गांव में विधायक ने जल स्रोत पर कलावा बांधकर जल अर्पण दिवस की शुरुआत की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों, ग्रामीणों तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। ग्रामीणों को जल स्रोतों के संरक्षण और सुरक्षित पेयजल के प्रति जागरूक किया गया।

सर्वधर्म प्रार्थना सभा में गूंजा सत्य और अहिंसा का संदेश



करनाल। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन तथा जिला कांग्रेस कमेटी शहरी एवं ग्रामीण करनाल की ओर से पुरानी कचहरी स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा सत्य, अहिंसा, प्रेम, भाईचारे और सर्वधर्म सद्भाव के संदेश को याद किया। जिला कांग्रेस कमेटी शहरी के अध्यक्ष पराग गाबा ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, सेवा और मानवता की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में पराग गाबा, डॉ. सुनील पंवार, राजेश चौधरी, हरपाल कलामपुरा, नाहर सिंह संधू, संदीप महाजन, जगदीप मट्टू, रजत लाठर, सुरेश चौधरी, अशोक जैन, सोनी शर्मा, परवीन पूनिया, अमित शीमगढ़, परमजीत वाल्मीकि, नवजोत कश्यप, सपना राणा, शारदा सिद्धू आदि रहे।

खबर संक्षेप



मेहनत ही खिलाड़ी की सफलता का आधार

मबापौली। भारतीय महिला वॉलीबॉल टीम की पूर्व कप्तान निर्मल तंवर भाटी का बापौली में जोरदार स्वागत किया गया। पूर्व सरपंच जगदीश रावल के पुत्र अनिल रावल के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी छोटा-बड़ा नहीं होता। मेहनत ही उसकी पहचान है। हार से घबराना नहीं चाहिए। युवाओं को मोबाइल छोड़कर मैदान में पसीना बहाना चाहिए। कार्यक्रम में पवन शर्मा, लक्ष्मण रहेजा अनिल रावल उर्फ बिट्टू, मा.विजेंद्र रावल, सोनू रावल, अनिल, सुरेंद्र कटारिया व दिनेश वत्स सहित अनेक ग्रामीण एवं युवा मौजूद रहे।



गांव गांजबड में गांधी-शास्त्री जयंती पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पानीपत। गांव गांजबड में पंचायती विभाग के डिप्टी डायरेक्टर मार्टिना, डीडीपीओ पानीपत राजेश शर्मा और बीडीपीओ पानीपत शीतल गुलिया के दिशा निर्देश पर ग्राम पंचायत द्वारा महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच नरेंद्र राठी ने की। जबकि कार्यक्रम का संचालन पंचायत सचिव जसबीर ने किया। इस अवसर पर जसबीर राठी, देवेंद्र राठी, सुकरम पाल राठी, दलवीर रामने, गुलशन, सुनील, ट्यूबवेल ऑपरेटर मुकेश शर्मा व ट्यूबवेल ऑपरेटर सुनील सहित कई ग्रामीण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



सत्य-अहिंसा और सेवा का संदेश लेकर दौड़े डीएवी थर्मल के विद्यार्थी

मतलौडा। महात्मा गांधी जयंती पर डीएवी पब्लिक स्कूल थर्मल कॉलोनी ने शिवाजी स्टेडियम में मैराथन आयोजित की। इसमें 70 विद्यार्थियों ने भाग लेकर सत्य, अहिंसा, सेवा और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। मुख्य अतिथि पूर्व डीईओ राकेश बूरा, जिला खेल अधिकारी सत्यवीर सिंह और सहायक शिक्षा अधिकारी रविंदर अंतिल रहे। प्रधानाचार्या भव्या शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने गांधीवादी मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान महिला एवं पुरुष शिक्षकों के बीच रस्साकशी प्रतियोगिता भी हुई।

21 दिनों के हनुमान व्रत का लिया संकल्प



पानीपत। विजय दशमी के अवसर पर श्री रघुनाथ धाम मंदिर सेक्टर 25 में चिराग चुघ ने 21 दिनों के हनुमान व्रत का संकल्प लिया। दशहरा कमेटी सनौली रोड के वरिष्ठ उपप्रधान तिलक छाबड़ा ने बताया कि संकल्प के दौरान ब्रह्मचर्य पालन, तीन समय हनुमान पाठ, नमक का त्याग, जमीन पर सोना और एक समय भोजन जैसे नियमों का पालन किया जाता है। हनुमान स्वरूप धारण कर दशहरा उत्सव में शामिल होने की यह परंपरा पूर्वजों से चली आ रही है। दशहरा कमेटी के प्रधान रमेश माटा के नेतृत्व में हर वर्ष आयोजन किया जाता है।

महात्मा गांधी जयंती पर रिफाइनरी में श्रद्धांजलि व स्वच्छता का संकल्प लिया

पानीपत। रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में गांधी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख एमएल डहरिया ने मिनी स्मार्ट सिटी स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने गांधी जी के विचारों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया तथा सफाई मित्रों को स्वच्छता किट वितरित कीं। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, ऑफिसर्स एसोसिएशन व कर्मचारी यूनियन प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री को भी श्रद्धांजलि दी गई और स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पौधारोपण किया गया।





महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को कांग्रेसियों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

पानीपत। कांग्रेस पानीपत शहरी की ओर से आज कांग्रेस भवन लाल बत्ती चौक पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र बुल्ले शाह एवं जिला शहरी अध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही दोनों ब्लॉकों के अध्यक्ष अजय खुराना एवं सतीश गल्होत्रा सहित कांग्रेस संगठन के विभिन्न पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर राज कुमार पाहवा, राजिंदर पुनिया, डा.रमेश चुघ, परवेश नैन, स.जगतार सिंह, रमेश नैन, कंवर भान शर्मा, बलविंदर माटा, महेश डावर, अनुभव मित्तल, राम लाल हैप्पी, चिराग मुटनेजा, जगदीश वर्मा, सुरेश बवेजा, गीता गाबा, सविता गर्ग, रामरत्ती, संजय गर्ग, सुरिंदर शर्मा, अश्वनी नंबरदार, राजू चावला, आजाद पुनिया, अंशुल कक्कड़, माधव शर्मा, रवित माकिन, मिंटू सचदेवा, पप्पी जुनेजा, मुलख राज गुरेजा, स.बलबीर सिंह, इंद्रजीत मिढ़ा, अशोक मखीजा,कविराज अरोड़ा, विजय कटारिया व सज्जन फौजी आदि उपस्थित रहे।

कशिश सलूजा ने जीवंत किया शहीद करतार सिंह सराभा का किरदार



पानीपत। पानीपत के युवा अभिनेता कशिश सलूजा ने अमेजन प्राइम की सीरीज द रिवोल्यूशनरीज में 19 साल के शहीद करतार सिंह सराभा का किरदार निभाकर शहर का नाम रोशन किया है। इस सीरीज का निर्देशन मशहूर निर्देशक निखिल आडवाणी ने किया है और इसमें भुवन बाम, रोहित सराफ , प्रतिभा रांटा जैसे कलाकार भी हैं। कशिश ने बताया कि इस किरदार के लिए उन्होंने सराभा गांव जाकर उनके घर का दौरा किया, वजन कम किया और 2-3 महीने तक पंजाबी भाषा सीखी। उनके दादा-दादी और मां उनके भाषा कोच रहे। कशिश की स्कूली शिक्षा डीपीएस पानीपत सिटी और कॉलेज सेंट जेवियर्स मुंबई से हुई है। उन्हें बचपन से ही मंच और अभिनय का शौक था। कशिश ने कहा कि इस किरदार के लिए चुने जाने की खबर मुझे अस्पताल के बिस्तर पर मिली थी।

बड़े बदलाव की शुरुआत छोटे-छोटे संकल्पों से होती है : ढांडा

गांधी जी के स्वच्छता संदेश को जनभागीदारी से आगे बढ़ाएं : गुप्ता

वार्ड 24 की पार्षद सांची तनेजा सफाई कर्मचारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भी श्रमदान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। वार्ड 24 में सफाई करते प्रदेशाध्यक्ष डा .अर्चना गुप्ता, मंत्री महीपाल ढांडा, विधायक प्रमोद विज व अन्य । *फोटो : हरिभूमि*

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता के साथ स्वच्छ और स्वस्थ भारत का सपना देखा था। गांधी जी के लिए स्वच्छता केवल आसपास के वातावरण को साफ रखने का विषय नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मसम्मान और सामाजिक जिम्मेदारी से जुड़ा संस्कार था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से इसी विचार को जनभागीदारी के अभियान के रूप में आगे बढ़ाया है। आज सुबह सेवा संकल्प अभियान के तहत महात्मा गांधी की जयंती पर भाजपा हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में पानीपत के वार्ड 24 स्थित रजवाहा रोड पर सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया। डा.गुप्ता ने शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मेयर कोमल सैनी, पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के साथ श्रमदान किया। डा.अर्चना गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता किसी एक व्यक्ति, संस्था या सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत करते हुए स्वच्छता को जनभागीदारी का आंदोलन बनाने का आह्वान किया था। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में भी जनसेवा और जनभागीदारी से जुड़े अभियानों को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। पानीपत वासियों से स्वच्छता को केवल विशेष अवसरों तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन की आदत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न डालना, कचरे का उचित निस्तारण करना और आसपास के

स्वच्छता का लें संकल्प

स्वच्छता केवल सड़कों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई तक सीमित नहीं बल्कि हमारे व्यवहार और सोच का भी हिस्सा होनी चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति अपने घर, गली, मोहल्ले और कार्यस्थल की स्वच्छता की जिम्मेदारी निभाए तो स्वच्छता का संकल्प और मजबूत होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से स्वच्छता के संदेश को परिवारों तक पहुंचाने और इस अभियान को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया।

लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना गांधी जी के स्वच्छ भारत के विचार को व्यवहार में उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। वहीं शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन संदेश देता है कि बड़े बदलाव की शुरुआत छोटे-छोटे संकल्पों से होती है। इस अवसर पर वार्ड 24 की पार्षद सांची तनेजा, सफाई कर्मचारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भी श्रमदान किया।

श्याम कमल में नुक्कड़ नाटक का आयोजन



पानीपत। सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। लोक कलाकारों ने नाटक के माध्यम से सामाजिक समस्याओं और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि लोक संस्कृति हमारी समृद्ध विरासत है और मोदी सरकार के 12 वर्षों में भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। उन्होंने विश्व अहिंसा दिवस और शाकाहार दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में सत्यम वर्मा, हर्ष पांचाल, पवन भारद्वाज, संजीव सैनी, पीयूष रोहिला, आशु, ज्योति, निशांत सैनी और कुलदीप सहित लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस मौके पर सुनील कंसल, पूर्व मेयर अवनीत कौर, पार्षद अशोक कटारिया, पार्षद नवल जिंदल, मेहुल जैन, अजय सिंह, बलराज खर्ब, रमेश सैन अहरिया, जिला मीडिया प्रभारी ओमदत्त आर्य, तरुण पसरीजा, ऋषभ अग्रवाल और राहुल राणा सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पुलिस के नाइट डोमिनेशन में 771 वाहनों की जांच, 72 के चालान किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

एसपी मेधा भूषण के निर्देश पर पुलिस ने वीरवार रात 11 बजे से सुबह 4 बजे तक नाइट डोमिनेशन अभियान चलाया। जिले में 25 जगह नाके लगाकर 771 वाहनों की जांच की गई। नियम तोड़ने पर 72 वाहनों के चालान किए गए और एक वाहन इंपाउंड किया गया। इस दौरान संदिग्ध घूम रहे 273 लोगों से पूछताछ भी की गई। सभी थाना प्रभारी और डीएसपी मुख्यालय विकास कुमार ने नाकों का निरीक्षण किया। वहीं एसपी मेधा भूषण ने कहा कि पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होंने जिला वासियों से अपील की कि वह इस अभियान में पुलिस का सहयोग करें ताकि अपराधियों की पहचान कर उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया जा सके।

प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का आह्वान किया



पानीपत। सेक्टर 12 स्थित कटारिया लैंड के पास दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस साध्वी कालिन्दी भारती ने पर्यावरण संरक्षण पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि मन के प्रदूषण को दूर किए बिना बाहरी पर्यावरण को स्वच्छ नहीं किया जा सकता। उन्होंने आवश्यकताओं और लालसाओं में अंतर समझने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का आह्वान किया। कथा के दौरान पर्यावरण जागरूकता स्टॉल लगाया गया और श्रद्धालुओं को पौधे वितरित किए गए। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और भजन संकीर्तन से श्रद्धालु भावविभोर हुए।

भाजपा ने गांधी जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान

पानीपत। भाजपा ने गांधी जयंती एवं विश्व अहिंसा दिवस पर किला पार्क में कार्यक्रम आयोजित कर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और स्वच्छता अभियान चलाया। जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि गांधी जी का जीवन सत्य, अहिंसा, स्वदेशी, स्वावलंबन और सेवा की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में चरखा भी चलाया गया। समाजसेविका निर्मल दत्त, अधिवक्ता राम मोहन राय, राजेश बत्रा व पार्षद अशोक कटारिया ने भी विचार रखे। जिला महामंत्री सुनील कंसल, पार्षद नवल जिंदल, मेहुल जैन, अजय सिंह, बलराज खर्ब, रमेश सैन अहरिया, ओमदत्त आर्य, तरुण पसरीजा, ऋषभ अग्रवाल व राहुल राणा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



दुष्यंत भट्ट को सम्मानित करते आयोजक । *फोटो : हरिभूमि*

सरकार के विकास कार्यों को समाज तक पहुंचाने का आह्वान

पानीपत। स्काईलार्क में राज्यसभा सांसद एवं भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री संजय भाटिया ने उत्तराखंड से आए मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद किया। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार के विकास कार्यों को समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.अर्चना गुप्ता ने युवाओं को संस्कृति और संस्कारों से जुड़कर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने की बात कही। उत्तराखंड के मीडिया प्रतिनिधियों ने हरियाणा की तीन दिवसीय यात्रा के अनुभव साझा किए। उन्होंने अटल कैंटीन, कैंसर अस्पताल, गन्नौर की बागवानी मंडी, गोहाना अनाज मंडी और हाइड्रोजन ट्रेन का दौरा किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, एसडीएम मनदीप कुमार, भाजपा महामंत्री सुनील कुमार, रविंद्र कुमार, विजय व रंजीता सहित अन्य मौजूद रहे।



पानीपत। उत्तराखंड से आए मीडिया प्रतिनिधियों के साथ सांसद संजय भाटिया, डा .अर्चना गुप्ता व अन्य । *फोटो : हरिभूमि*

कांग्रेस का विशाल ब्लॉक कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न



पानीपत। गांधी जयंती के अवसर पर राजमहल गार्डन, बरसत रोड, पानीपत में जिला कांग्रेस कमेटी, पानीपत (ग्रामीण) के अंतर्गत पानीपत (ग्रामीण) विधानसभा क्षेत्र के दोनों ब्लॉकों का संयुक्त कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त जी, अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह जी एवं रोहतक सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य संगठन को ब्लॉक, मंडल एवं बूथ स्तर तक मजबूत करना, कार्यकर्ताओं की भूमिका को प्रभावी बनाना तथा जनता से सीधा संवाद बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख कांग्रेसजनकार्यक्रम में दिव्यांशु बुद्धिराजा, मनोज बागड़ी, बलबीर बाल्मीकि, इंदुराज नरवाल, खुशीराम जागलान, बलवान बाल्मीकि, दीपक खटकड़, कवर सिंह, सुभाष भटला, शशि लूथरा, नीरजा, सतपाल, कृष्ण नौल्था, डीपी ग्रोवर, सतेंद्र जांगड़ा, प्रियांश, रामसिंह सरपंच, बिजेंद्र, मनोज, दीपक, सतपाल रोड, एडवोकेट नरेंद्र भिवान, डॉ. जगबीर, अनिल, रजनीश छोकर, फुरकान, नारायण, जसबीर, मनीष, रूबल, रजत, परवीन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



वरिष्ठ नागरिकों को दर्द निवारक तेल वितरित

पानीपत। अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर इनरव्हील क्लब पानीपत मिडटाउन की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और स्वास्थ्य को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों को दर्द निवारक तेल वितरित किया गया। जिसमें समाजसेवी कमल भाटिया व उनकी धर्मपत्नी रेणु भाटिया ने सहयोग दिया। प्रेरक वक्ता मोनिका सलूजा ने तनाव, अकेलेपन और नकारात्मक विचारों से दूर रहकर सकारात्मक जीवन जीने के सुझाव दिए। स अवसर पर साँझी सागर, रजनी बेनीवाल, सरोज आहुजा, सुमन शिंगला, राज नन्दा, नीलम मेहता, सुनीता गुलाटी, रश्मि अखोरी, समीक्षा सेठी, डा.कुंजल प्रतिष्ठा, सिमरन गिरधर, ज्योतिका सक्सेना, डॉ.नीतिका, संतोष व अंजु सहित अन्य मौजूद रहे।



आईबी कॉलेज में महात्मा गांधी-शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

पानीपत। आईबी पीजी कॉलेज में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों व स्टाफ ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सादगी, अनुशासन व राष्ट्रसेवा के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह ने कहा कि जयंती मनाने का उद्देश्य उनके आदर्शों को जीवन में उतारना है। संस्कारशाला क्लब संयोजक अश्वनी गुप्ता, रेड रिबन क्लब संयोजक डॉ.विक्रम कुमार, राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. किरण मदान और शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ.राजेश कुमार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। वरिष्ठ मैनेजमेंट सदस्य युधिष्ठिर मिगलानी, डॉ.सुनीत शर्मा, प्रो.कनक शर्मा, डॉ.जोगेश, प्रो.खुशबू, प्रो. विनय भारती, प्रो.सुखजिंदर सिंह, राम मेहर शर्मा सहित स्टाफ सदस्य और बीसीए प्रथम वर्ष के करीब 50 विद्यार्थी उपस्थित रहे।



उत्तराखंड समाज ने गांधी-शास्त्री जयंती पर शहीदों को किया नमन

पानीपत। उत्तराखंड समाज पानीपत की ओर से गढ़वाल धर्मशाला में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज के सदस्यों और नारी शक्ति ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही उत्तराखंड के वीर शहीदों को भी नमन किया गया। वक्ताओं ने गांधी जी के सत्य-अहिंसा तथा शास्त्री जी की सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम में केशर सिंह रावत, ललित पाठक, योगेश अंडोला, मोहन सिंह सुयाल, मदन सिंह रावत, लक्ष्मण सिंह रावत, नरेंद्र सिंह रावत, राजेंद्र सिंह रावत, दुर्गा बिष्ट, बच्चन सिंह बिष्ट, शिव सिंह बिष्ट, गोपाल सिंह रावत सहित समाज के अनेक सदस्य एवं नारी शक्ति मौजूद रही।

अग्रवाल वैश्य समाज ने किया पौधरोपण



पानीपत। महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल वैश्य समाज पानीपत की ओर से श्रीराम वाटिका वाटर टैंक जगन्नाथ विहार में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज के सदस्यों ने पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ पार्क में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया गया। युवा जिला अध्यक्ष शुभम बंसल, महासचिव आयुष तायल, कोषाध्यक्ष सुमित सिंगला और राहुल तायल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।



पर्यावरण को स्वच्छ रखना हम सबका कर्तव्य : नितिन अरोड़ा

पानीपत। फ्लाइंग क्लब ट्रस्ट,नगर निगम व विक्टर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीन पानीपत मिशन के तहत नैनो जंगल का 46वां पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मेयर कोमल सैनी रहीं। विद्यार्थियों ने सेक्टर 19 अजीजुलापुर के पास सड़क के दोनों तरफ पौधरोपण किया। स्कूल की मार्गदर्शिका सुरेष्ठा गाँधी, प्रिंसिपल प्रियंका बठला व मैनेजर विक्रम गाँधी मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। फ्लाइंग क्लब के अध्यक्ष नितिन अरोड़ा ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखना हम सबका कर्तव्य है। वहीं नितिन अरोड़ा ने सभी विद्यार्थियों का पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए धन्यवाद किया। मेयर कोमल सैनी ने कहा कि हमें इस तरह के अभियानों में जरूर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। आज पूरा विश्व पर्यावरण को लेकर चिंतित है।

अक्षज इंटरनेशनल स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता



बापौली। अक्षज इंटरनेशनल स्कूल में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर रंग भरो एवं पेंटिंग गतिविधि कराई गई। प्रधानाचार्या डॉ.उपासना त्यागी ने विद्यार्थियों को दोनों महापुरुषों के जीवन व आदर्शों से अवगत कराया। करण, अवी, तविषा, किंजल, नैंसी, यथार्थ, जान्हवी, ओम, छवि, अवनी, शिवानी और काजल सहित विद्यार्थियों ने भाग लिया। सागर सिंह त्यागी, शकुंतला त्यागी, सतीश चंद्र त्यागी, संजय रावल, ऋतिक वर्मा व नमिता आदि मौजूद रहे।

शुगर मिल का चीनी बिक्री केंद्र शहर में खोलने की मांग

पानीपत। नॉर्थ इंडिया एंटी करप्शन एंड प्रीवेंशन आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आरटीआई कार्यकर्ता यशपाल मलिक ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर पानीपत सहकारी शुगर मिल के चीनी विक्रय केंद्र को शहर में खोले जाने की मांग की है। यशपाल मलिक ने पत्र में बताया कि पानीपत शुगर मिल के गांव डाहर में चले जाने के बाद मिल प्रबंधन ने मिल गेट के बाहर बना चीनी विक्रय केंद्र भी डाहर में ही स्थापित कर दिया है। उन्होंने कहा कि इसके बाद शहर के लोगों को चीनी खरीदने के लिए गांव डाहर जाना पड़ता है। जिसमें समय बर्बाद होता है और दोगुना खर्च आता है। कई बुजुर्ग और गरीब परिवार तो दूरी के कारण वहां जा ही नहीं पाते। मलिक ने बताया कि विक्रय केंद्र दूर होने से मिल की चीनी की बिक्री भी लगातार घट रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जनहित को देखते हुए शहर के मध्य में एक चीनी बिक्री केंद्र दोबारा खोला जाए ताकि शहरवासियों को आसानी से सस्ती चीनी उपलब्ध हो सके।

खबर संक्षेप

बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना महेशनगर पुलिस ने पेट्रोल पंप जीटी रोड के पास से बाइक चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही संजीव कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता भूपिंद्र सिंह ने 1 अक्तूबर 2026 को शिकायत दी थी कि 29 सितंबर 2026 को आरोपी ने पेट्रोल पंप के पास से उसकी बाइक चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अब आरोपी को काबू किया है। उसके कब्जे से चोरीशुदा बाइक भी जब्त की गई है। आरोपी की पहचान आशीष उर्फ प्रिंस उर्फ गोलू निवासी गांव रामगढ़ के तौर पर हुई है।

चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। चौकी हाउसिंग बोर्ड की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए नाकाबंदी के दौरान वाहन चोरी के एक मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी की पहचान दीपक निवासी गांव समालखा, के रूप में हुई है। अनुसंधान अधिकारी परमजीत सिंह ने जानकारी दी कि नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान आरोपी दीपक को मोटरसाइकिल के साथ रोका गया। वाहन के कागजात मांगने पर आरोपी कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। सख्ती से पूछताछ करने पर यह खुलासा हुआ कि आरोपी द्वारा चलाई जा रही यह मोटरसाइकिल साहा क्षेत्र से चोरी की गई थी। पुख्ता सबूत मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

रक्तदान शिविर का आयोजन आज

अंबाला। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और उनके 25 वर्ष जनसेवा समर्पण के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा संकल्प/सेवा सेतु अभियान के तहत 17 अक्टूबर 2026 तक अंबाला छावनी में विभिन्न सेवा प्रकल्पों का आयोजन किया जा रहा है। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बताया कि इसी क्रम में 3 अक्टूबर को दलीपगढ़ स्थित कम्यूनिटी सेंटर निकट राजकीय स्कूल में प्रातः 10 से 4:00 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

13 ग्राम हेरोइन तस्करी में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। एंटी-नारकोटिक्स सैल टीम ने नशीले पदार्थों के नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए 13 ग्राम हेरोइन तस्करी मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएनसी प्रभारी उप निरीक्षक नरेश कुमार ने बताया कि थाना अंबाला छावनी में दर्ज नशा तस्करी के एक मामले में कड़ी कार्रवाई की थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने इंदिरा पार्क के नजदीक से एक्टिवा सवार आरोपी गुलशन सोनकर उर्फ शुभम को 13 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था। रिमांड के दौरान मुख्य आरोपी गुलशन सोनकर से की गई गहन पूछताछ में एक अन्य तस्कर का नाम सामने आया। एएनसी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुलशन की निशानदेही पर मामले में संलिप्त दूसरे आरोपी विक्की को भी धर दबोचा है।अब आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

बेटियों को उच्च शिक्षा दिलवाएं परिजन, जीवन में आगे बढ़ने के लिए करें प्रेरित सभी से आपसी प्रेम, भाईचारे और एकजुटता के साथ रहने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭शहजादपुर

सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को गांव गणेशपुर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग मनीषा ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं तथा ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला प्रधान बीनू गर्ग भी मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान विभाग की ओर से प्ले स्कूल, रेसिपी तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में उपलब्ध करवाई जाने वाली खाद्य सामग्री से संबंधित स्टॉल लगाए गए। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया

गणेशपुर के आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित किया आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम

पात्र परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना लक्ष्य

इस अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा केंद्र में सिखाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. पवन सैनी ने उन्हें पुरस्कृत किया। सैनी ने कहा कि सरकार द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्तूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देना तथा पात्र परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं, बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा किशोरियों के स्वास्थ्य, पोषण और विकास से जुड़े विषयों पर जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं को जागरूक रहने का आह्वान करते हुए कहा कि परिवार और समाज के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि वे बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाएं और उनकी रूची के अनुसार उन्हें आगे बढने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी लोगों को आपसी प्रेम, भाईचारे और एकजुटता के साथ रहने के लिए प्रेरित किया।



शहजादपुर। मिलन सेवा कार्यक्रम में बच्चों के साथ पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

पात्रों को मिले योजनाओं का लाभ

इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष बीनू गर्ग ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं एवं कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर पात्र परिवारों तक इनका लाभ पहुंचाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों, स्वास्थ्य, पोषण और बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने महिलाओं से आपसी सहयोग एवं एकजुटता के साथ आगे बढने का आह्वान किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनीषा ने महिलाओं एवं बच्चों के हित में विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आपकी बेटी हमारी बेटी योजना, मुख्यमंत्री मातृत्व वंदना योजना तथा पोषण अभियान सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कड़ासन मंडल प्रधान हरजिंदर पाल, महिला मोर्चा देवी नगर की प्रधान पिंकी शर्मा, सतीश कुमार, सरपंच बालक राम, पूर्व सरपंच जंग बहादुर, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अरविंदर कौर एवं सुमन, सर्कल सुपरवाइजर मनप्रीत कौर, अरविंद्र कौर, अनुरानी, प्ले स्कूल कोऑर्डिनेटर मनीषा देवी सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और ग्रामवासी मौजूद रहे।

1.30 करोड़ की विकास योजनाओं का किया शुभारंभ एवं शिलान्यास

गांधी जयंती पर मेगा स्वच्छता अभियान का आगाज, पूर्व मंत्री ने लगाई झाड़ू

- बोले-राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का दिया था संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭अंबाला

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को पूर्व मंत्री असीम गोयल ने अंबाला शहर के सेक्टर-7से मेगा स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता कर्मचारियों एवं स्वच्छता सेनानियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान में भाग लिया तथा स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में करीब 1.30 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का उदघाटन एवं शिलान्यास किया गया। साथ ही एक शौचालय का लोकार्पण भी किया गया। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर सैक्टर वासियों ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने का संदेश दिया था। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता को जन आंदोलन का स्वरूप देने का संकल्प लिया था। इसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए देशभर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है और समाज के प्रत्येक वर्ग की इसमें भागीदारी सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इस अभियान के दौरान प्रत्येक कार्यकर्ता ने यह संकल्प लिया है कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि सेवा कार्यों के माध्यम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 7 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं।





अंबाला। अभियान के दौरान सफाई करते पूर्व मंत्री असीम गोयल व स्वच्छता सेनानियों को प्रशंसा पत्र देते हुए। फोटो: हरिभूमि

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस मौके पर निगम सदस्य मनीष आनंद मन्नी, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, निगम सदस्य विशाल राणा, वीरेंद्र नाथ, राजेश मेहता, मोनिका मल, गुरप्रीत शाना, हितेष जैन, मुकेश शर्मा, यतिन बंसल, बीनू गर्ग, कमल गुप्ता, संजीव गोयल टोनी, मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाणा, अमन सूद, चेयरमैन जसविंद्र सिंह , योगेश साहनी, यशपाल, प्रदीप गुप्ता, अभिषेक सहोता, सुरेंद्र घई, जय गोपाल व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी

उन्होंने कहा कि ये कर्मचारी प्रतिदिन शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इनके निरंतर परिश्रम के कारण शहर की स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनी रहती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से अंबाला शहर में विकास कार्य निरंतर गति से आगे बढ़ रहे हैं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए अनेक विकास परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में सेक्टर-7, वार्ड नंबर-12 में करीब 1.30 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया है।



अंबाला। प्रभातफेरी में शामिल कांग्रेसी। फोटो: हरिभूमि

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर निकाली प्रभातफेरी

- सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सद्भाव और राष्ट्रसेवा के गांधीवादी विचारों का किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭अंबाला

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती को लेकर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रभात फेरी निकाली गई। यह प्रभातफेरी सुबह छह बजे से अंबाला शहर के हर्बल पार्क से शुरू होकर पुराने सिविल अस्पताल स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर जाकर समाप्त हुई। प्रभातफेरी में शामिल सभी कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता को नमन करते हुए देश की आजादी में उनके योगदान को याद किया। प्रभातफेरी में मुख्य तौर पर सांसद वरुण चौधरी शामिल हुए। इसके अलावा शहरी व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने भी प्रभातफेरी में हिस्सेदारी की। प्रभात फेरी के माध्यम से सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सद्भाव और राष्ट्रसेवा के गांधीवादी विचारों* को स्मरण किया गया। इसके पश्चात पुराने सिविल अस्पताल स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित की गई। साथ ही महात्मा गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और समाज में भाईचारा, सद्भाव एवं सेवा की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। कांग्रेसियों ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन हमें सत्य, अहिंसा और जनसेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनके विचार और आदर्श सदैव समाज एवं राष्ट्र का मार्गदर्शन करते रहेंगे। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के सभी मुख्य पदाधिकारी भी प्रभातफेरी में मौजूद रहे।

चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना अंबाला शहर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए लोहे के गार्डर चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता हरमिंद्र सिंह निवासी रामपुरा मोहल्ला ने 1 अक्तूबर 2026 को शिकायत दी थी कि आरोपी कर्ण ने लोहे के दो गार्डर चोरी किए है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अब आरोपी को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा लोहे के गार्डर व वारदात में प्रयुक्त साइकिल रिक्शा भी बरामद कर ली है।

भारत को बनाएं सशक्त राष्ट्र: धामी

- नमो क्रिकेट लीग में खिलाड़ियों से मिले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री; बल्ला थामकर बोले- हाथ में बल्ला ले बचपन याद आया, अभी तो युवा हूं और खेलना चाहता हूं

हरिभूमि न्यूज ⏭पंचकूला

ताऊ देवी लाल क्रिकेट स्टेडियम में चल रही नमो क्रिकेट लीग में शुक्रवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया और मैदान पर बल्ला थामकर क्रिकेट में भी हाथ आजमाया। बल्ला हाथ में आते ही धामी ने कहा कि इससे उन्हें अपना बचपन याद आ गया और उनका मन काफी देर तक खेलने का करने लगा।धामी ने खिलाड़ियों से कहा कि 'नशे को ना, खेल को हां' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। कहा कि 'खेलोगे-कूदोगे तो बनोगे लाजवाब' के नारे को अब हकीकत में बदलना होगा। युवाओं की ऊर्जा नशे में नहीं, बल्कि खेल, रचनात्मकता और राष्ट्र निर्माण में लगनी चाहिए।उन्होंने कहा कि खेल के मैदान में कोई हारता नहीं है। जीतने वाला सफलता हासिल करता है, जबकि हारने वाला अनुभव और सीख लेकर आगे बढ़ता है। खिलाड़ियों को पूरी लगन, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ना चाहिए।धामी ने कहा कि भारत की युवा शक्ति में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और हरियाणा में तो खेल युवाओं की जीवनशैली का हिस्सा रहा है। हाल में कामवेल्थ खेलों सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भारतीय विशेषतया हरियाणा के खिलाड़ियों ने देश का गौरव बढ़ाया है।उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से भारत को सशक्त राष्ट्र बनाना समय की मांग है।



नुक्कड़ नाटक से एड्स के प्रति किया जागरूक

- डीएवी कॉलेज में रेड रिबन क्लब की ओर से नाटक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज में रेड रिबन क्लब की ओर से एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एचआईवी संक्रमण के कारणों, बचाव के उपायों, जांच तथा समय पर उपचार के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. गरिमा सुमरान ने विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स से जुड़ी भ्रांतियों से बचने, एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव न करने तथा नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सही जानकारी और जागरूकता ही एचआईवी संक्रमण की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में शिव शक्ति कला मंच, कुरुक्षेत्र के कलाकारों ने गुलाब सिंह के निर्देशन में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।



अंबाला। नाटक के जरिए एचआईवी के प्रति छात्रों को जागरुक करते कलाकार।

ये रहे मौजूद

प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. आरएस परमार ने शिव शक्ति कला मंच कुरुक्षेत्र से आए कलाकारों का स्वागत किया। परमार ने कहा कि वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारी देकर हम विद्यार्थियों को जागरूक बना सकते हैं और समाज में भी सही संदेश पहुंचा सकते हैं। कार्यक्रम में उपप्राचार्या डॉ. रेखा शर्मा, रेड रिबन क्लब सदस्य डॉ. प्रियंका चौधरी, प्रोफेसर मोनिका शर्मा, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. भूपेंद्र सिंह, शिवानी डावर, डॉ. सुखदेव सिंह, हिमांशु शर्मा, आईसीटीसी काउंसलर मनीषा व अन्य उपस्थित रहे।

पंचकूला के उपभोक्ताओं की 06 अक्टूबर को बिजली सम्बन्धी शिकायतों की होगी सुनवाई

पंचकूला। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम सर्कल फोरम पंचकूला के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्य मंच की कार्यवाही 06 अक्टूबर, को सुबह 11.30 बजे से अधीक्षण अभियंता, पंचकूला के कार्यालय, एससीओ नंबर – 96 प्रथम तल, सेक्टर-5, पंचकूला में की जाएगी। इस दौरान केवल पंचकूला जिला के उपभोक्ताओं से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। मंच के सदस्य, पंचकूला जिले के उपभोक्ताओं की सभी प्रकार की समस्याओं की सुनवाई करेंगे जिनमें मुख्यतः बिलिंग, वोल्टेज, मीटरिंग से सम्बंधित शिकायतें, कनैक्शन काटने और जोड़ने बिजली आपूर्ति में बाधाएं, कार्यकुशलता, सुरक्षा, बिजली विनियामक आयोग के आदेशों की अवहेलना आदि शामिल हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

निरीक्षण विधायक ने मंडियों का मुआयना कर सरकार की व्यवस्थाओं पर उठाए सवाल

प्रति एकड़ धान की सीमा को बढ़ाए राज्य सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭बराड़ा

विधायक पूजा चौधरी ने शुक्रवार को साहा, केसरी और मोहड़ा अनाज मंडियों का दौरा कर धान खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों और आढ़तियों से मुलाकात कर फसल की आवक, खरीद प्रक्रिया, गेट पास, पोर्टल पर फसल सत्यापन, धान सुखाने, तोल और उठान की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। विधायक पूजा ने कहा कि मंडियों में किसानों की धान की फसल पहुंच रही है लेकिन पोर्टल पर फसल सत्यापन और गेट पास से जुड़ी समस्याओं के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर किसानों की फसल का दाना-दाना खरीदने का दावा करती है। दूसरी ओर खरीद प्रक्रिया में ऐसी शर्तें लागू की जा रही हैं जिससे किसानों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल धान की खरीद सीमा 33 क्विंटल प्रति एकड़ थी जबकि इस बार इसे घटाकर 26 क्विंटल प्रति एकड़ किया गया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि खरीद की निर्धारित सीमा बढ़ाई जाए और किसानों की पूरी योग्य उपज की खरीद सुनिश्चित की जाए।



बराड़ा। अनाज मंडी का निरीक्षण करते हुए विधायक पूजा। फोटो: हरिभूमि

पर्याप्त स्थान नहीं

विधायक ने कहा कि किसानों को अपने जिले से बाहर फसल बेचने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि किसी दूसरी मंडी में व्यवस्था बेहतर है या वहां भीड़ कम है तो किसानों को अपनी फसल वहां बेचने का विकल्प मिलना चाहिए। उन्होंने मंडियों में धान सुखाने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों को मंडियों के बाहर निर्धारित नियमों के तहत फसल सुखाने और तोल करवाने की अनुमति दी जानी चाहिए, जिससे मंडियों में भीड़ कम होगी और किसानों को राहत मिलेगी। पूजा ने कहा कि किसान पहले ही बढ़ती कृषि लागत, मौसम और खेती से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में सरकार को खरीद प्रक्रिया को सरल बनाकर किसानों की सुविधा के अनुरूप व्यवस्था करनी चाहिए।

चार हजार के कूपन के लालच में 1.12 लाख का चूना लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭अंबाला

क्रेडिट कार्ड के जरिए ठग ने उपभोक्ता से की धोखाधड़ी

फर्जी बैंक कर्मचारी बनकर क्रेडिट कार्ड से 1.12 लाख रुपए की ठगी हो गई। आरोपी ने खुद को एक्सिस बैंक का कर्मचारी बताया। आरोपी ने क्रेडिट कार्ड पर मिले करीब 4 हजार रुपए के कूपन को रिडीम कराने का झांसा दिया था। इसके बाद पीड़ित को एक्सिस बैंक जैसी दिखने वाली फर्जी वेबसाइट का लिंक भेजकर कार्ड की जानकारी भरवाई। जानकारी मिलते ही आरोपी ने पहले 72 हजार 377.70 रुपए की ट्रांजेक्शन कर ली। रकम वापस आने का भरोसा देकर अगले दिन दोबारा कार्ड नंबर और सीवीवी की जानकारी ली और 40 हजार रुपए के 3 और ट्रांजेक्शन कर दीं। कुल 1,12,337.05 रुपए की ठगी हुई। इंद्रपुरी कॉलोनी के पीयूष प्ररुथी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह डीजे का काम करता है। 21 सितंबर की शाम करीब 5 बजे उसके मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को एक्सिस बैंक का कर्मचारी बताया और कहा कि उसके क्रेडिट कार्ड पर करीब 4 हजार रुपए का कूपन आया है। उसे रिडीम कराने के लिए आरोपी ने एक लिंक भेजा था।